हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्र सरकार ने बजट 2025-26 के अनुरूप सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और निर्यातकों को बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक ऋण गारंटी योजना में बड़े बदलाव किए हैं।

पारस्परिक ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत पात्र सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यदमों मशीनरी या उपकरण खरीदने के लिए 100 करोड़ तक के सावधि ऋण पर 60 प्रतिशत गारंटी कवरेज प्रदान किया जाता है। संशोधित योजना में चौथे वर्ष बाद किस्तों में पांच प्रतिशत अग्रिम अंशदान वापसी की जा सकती है। संतोषजनक ऋण प्रदर्शन पर चौथे वर्ष से हर साल इसका एक प्रतिशल वापस किया जा सकेगा। पात्रता मानदंड को विस्तारित कर सेवा क्षेत्र के एम.एस.एम.ई. को भी इसमें शामिल किया गया है। मशीनरी और उपकरणों के लिए न्यूनतम परियोजना लागत की आवश्यकता पहले के 75 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दी गई है।

मंत्रालय के अनुसार, एम.एस.एम.ई. के पारस्परिक ऋण गारंटी योजना संशोधनों से निर्यातक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए संयंत्र, मशीनरी और उपकरण की खरीद के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे भारत में विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

****

विश्व जल दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से पानी की हर बूंद के संरक्षण और उसके जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का आहवान किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि पानी जीवन का आधार है और पृथ्वी के भविष्य को आकार

देता है। प्रधानमंत्री ने सतत विकास में लगे हुए, जागरूकता फैलाने और जल संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने वाले लोगों की सराहना भी की।

****
****

भारत विद्युत सम्मेलन-2026 में, एक जापानी कंपनी ने हरियाणा में लगभग चार हज़ार करोड़ रुपए का निवेश करने में दिलचस्पी दिखाई है। सम्मेलन के दौरान, जापानी कंपनी TDK Corporation के एक प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद थे। बैठक के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा में एक नया संयंत्र लगाने के लिए लगभग चार हज़ार करोड़ रुपये का निवेश करने का इरादा ज़ाहिर किया। कंपनी की योजना राज्य में एक बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम यूनिट स्थापित करने की है। उल्लेखनीय है कि TDK Corporation की हरियाणा के सोहना में पहले से ही 180 एकड़ में फैली एक स्थापित इकाई मौजूद है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा विदेशी निवेशकों के लिए एक पसंदीदा जगह बनकर उभरा है। प्रदेश सरकार की नई औद्योगिक नीति निरंतर नई सुविधाएं दे रही है। बजट में औद्योगिक क्षेत्र को विशेष महत्व दिया गया है।

****
****

केंद्र सरकार ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के लिए 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दे दी है। इससे कुल आवंटन 50 प्रतिशत हो जाएगा। इसमें पीएनजी के विस्तार के लिए सुधारों के आधार पर 10 प्रतिशत आवंटन भी शामिल है। इसमें रेस्तरां, □ाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, रियायती कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव, नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि यह आवंटन सोमवार से लागू होगा। सभी व्यावसायिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को तेल विपणन कंपनियों के साथ पंजीकरण

कराना होगा। सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोग घबराहट में खरीदारी न करें।

****

हरियाणा विधानसभा के सौजन्य से मुरथल के दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में संविधान के सिद्धांत, विशेषताएं एवं विधायिका के कार्य विषय पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उप-सभापति ने हरियाणा विधानसभा द्वारा किए जा रहे नवाचारों और सकारात्मक पहलों की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए विधानसभा द्वारा उठाए गए कदम अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की अध्यक्षता में सचिवालय अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण योजना, विधायी प्रारूपण कार्यशालाएं, नगर निकाय प्रतिनिधियों के सम्मेलन, मीडिया संवाद तथा युवाओं के लिए युवा संसद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। यह प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। श्री हरिवंश ने कहा कि पिछले वर्षों में भारत ने डिजिटल लेनदेन, उद्यमिता और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज देश में लाखों नए उद्यम स्थापित हो चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से बदलते वैश्विक परिदृश्य को समझने और नवाचार, उद्यमिता तथा कौशल विकास के माध्यम से अपने लिए नए अवसर तलाशने का आह्वान किया।

****